प्रश्न - १) निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- (१६)

(क) "कह रहे हैं वो – माली ने हमें धोखा दिया है
किंतु हमको मात्र उनकी शुष्कता ही दिख रही है।
नोट के नीचे दबा है न्याय, चिल्लाती तिजोरी
और कुर्सी गर्व से इंसाफ अपना लिख रही है।"

अथवा

"सात भाईयों के बीच सयानी चम्पा
एक दिन घर की छत से
लटकती पायी गई।
तालाब में जलकुम्भी के जालों के बीच
दबा दी गई।
वहाँ एक नील कमल उग आया।"

(ख) "पोर्च पोर्टिको आलीशान बनाएँगे, नहीं तो संतरी टुटपुंजिए मुलाकातियों को रुआब से दुतकारेगा कैसे? संतरी जितना कटखना होता है, आदमी उतना ही पहुँच वाला माना जाता है।"

अथवा

"तुझे आज से मेरे प्रत्येक आदेश को स्वीकार करना होगा। मैं तेरे अच्छे - बुरे का न्याय करूँगा। जो मैं कहूँ उसे सुनना होगा और समझना होगा। मैं ही तेरा पालन - पोषण करूँगा। मेरे विरोध में जाने का अभिप्राय राजद्रोह होगा और उसका दण्ड मृत्यु होगी।"

प्रश्न – २) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (२४)

(च) 'बराबर का दर्जा' कविता के सन्देश को अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

'अपनी ज़मीन तलाशती बेचैन स्त्री' कविता के माध्यम से स्त्री मन की छटपटाहट को अपने शब्दों में लिखिए।

(छ) 'प्रधानमंत्री क्यों नहीं हँसते' रचना के व्यंग्य पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'तीन अदद मास्टर : तीन अदद झलकियाँ' रचना के व्यंग्य पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न – ३) निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :- (१०)

(ट) 'संयुक्त परिवार' कविता का आशय।

अथवा

'पिता' कविता की मूल संवेदना।

पीछे देखिए....

(ठ) 'बेवकूफी का कोर्स' रचना का व्यंग्य।

अथवा

'प्रतिभा शोध निकेतन' रचना का सारांश।

प्रश्न – ४) निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए :- (०५)

१) 'परिवर्तन' कविता के रचनाकार का नाम लिखिए।

२) चम्पा के कितने भाई है?

३) अनामिका की रचना का नाम लिखिए।

४) लेखिका सूर्यबाला ने अपने निबंध में किस सेवा के अखाड़े में उतरने की बात की है?

५) 'मनुष्य और ठग' रचना में कितने ठग हैं?

प्रश्न –(५) (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लेखन कीजिए :- (१०)

१) प्रकृति की आत्मकथा।

२) 'स्मार्ट सिटी' कितना जरूरी।

३) विज्ञापन और समाज।

४) ऑनलाइन शॉपिंग एक नया ट्रेंड।

(ब) कोष्ठक में दी गयी सूचना के अनुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

१) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के विशेषण रूप लिखिए :- (०२)

१) सुंदर २) गंदा ३) झगड़ा ४) बुरा

२) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के भाववाचक संज्ञा रूप लिखिए :- (०२)

१) पवित्र २) ठहरना ३) परेशान ४) कमाना

३) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के वचन परिवर्तन कीजिए :- (०२)

१) दासी २) पुस्तक ३) घोड़ा ४) दरवाजा

४) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (०२)

१) मेघ २) भ्रमर ३) श्याम ४) जल

५) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के विलोमार्थी शब्द लिखिए :- (०२)

१) जागना २) हँसना ३) नया ४) गाँव

****